# B.C.S.GOVT PG COLLEGE DHAMTARI




## MATDATA JAGRUKTA ABHIYAN (SVEEP)

**Dr.C.S.Choubey**
Principal

**Prof.Komal Prasad Yadav**
Member SVEEP

**Prof.Pankaj Jain**
SVEEP in Charge/ELC Nodel/VAF Nodel

# B.C.S.GOVT PG COLLEGE DHAMTARI

## Heartily Welcome NAAC Team

**MATDATA JAGRUKTA ABHIYAN (SVEEP)**

**Dr.C.S.Choubey**
Principal

**Prof.Komal Prasad Yadav**
Member SVEEP

**Prof.Pankaj Jain**
SVEEP in Charge/ELC Nodel/VAF Nodel

# मतदाता जागरूकता अभियान

SVEEP

सत्र 2017-2018




# मतदाता सूची में नाम जोडनें संबंधी अभियान

स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत दिनांक 04/07/2017 एवं दिनांक 22/07/2017 को नए व भावी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 06 भरवाया गया।

नवभारत 12.09.2017

## नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें-जैन

### कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला

धमतरी. मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभिया स्वीप का प्रचार-प्रसार करने हेतु बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रो. पकंज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव के सतत मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. उक्त कार्यशाला नये एवं भावी मतदाता का सशक्तिकरण करने एवं उन्हे मतदान की महत्ता समझाने के उद्देश्य से आयोजित की गई. स्वीप प्रभारी प्रो. पकंज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्रत्येक व्यस्क नागरिक, चाहे वह स्त्री हो या पुरूष, यदि वह 18 वर्ष की आयु का हो चुका है तो उसे निर्वाचन में मतदान का अधिकार प्राप्त है. अंग्रेजी के समय में प्रचलित साम्प्रदायिक मताधिकार की प्रणाली को समाप्त कर हमारा संविधान बिना किसी भेदभाव के सभी को समान मत देने का अधिकार प्रतिनिधियों को देश का प्रशासन चलाने हेतु संसंद एवं राज्य विधानसभा मण्डल में भेज सकते है. भारत का प्रत्येक नागरिक जो व्यस्क हो या 1 जनवरी 2018 की स्थिति 18 वर्ष पूर्ण कर रहा हो उसे मतदान के अधिकार का प्रयोग करके देश में स्वतंत्र लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना, अपना परम कर्तव्य समझना चाहिए एवं बिना किसी भय एवं लालच के मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए. डॉ. सपना ताम्रकार ने कहा कि आज सभी मतदान के महत्त्व को समझ एवं इस अधिकार का प्रयोग स्वयं भी करें एवं अन्य सभी भी मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करें. उक्त कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए. अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे ने कहा कि प्रतिवर्ष की तहत हमारे महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान सत्र 2017-18 में भी निरंतर चलाया जा रहा है. जिसमें नये मतदाता का नाम जोड़ने, मतदान पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है. एवं स्वीप का प्रचार-प्रसार करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया है.




# मतदाता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

दिनांक 11/09/2017 को मतदाता जागरूकता विषय पर विधि विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

हरिभूमि 15.09.17

## पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला



धमतरी। मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) का प्रचार-प्रसार करने हेतु पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी प्रो. पकंज जैन तथा प्रो. कोमल प्रसाद यादव के सतत मार्गदर्शन में 11 सितम्बर को मतदाता जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला नये एवं भावी मतदाता का सशक्तिकरण करने एवं उन्हें मतदान की महत्ता समझाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। स्वीप प्रभारी प्रो. पकंज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्रत्येक वयस्क नागरिक, चाहे वह स्त्री हो या पुरूष, यदि वह 18 वर्ष की आयु का हो चुका है तो उसे निर्वाचन में मतदान का अधिकार प्राप्त है। भारत का प्रत्येक नागरिक जो वयस्क हो या 1 जनवरी 2018 की स्थिति 18 वर्ष पूर्ण कर रहा हो उसे मतदान के अधिकार का प्रयोग करके देश में स्वतंत्र लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना, अपना परम कर्तव्य समझना चाहिए। डॉ. सपना ताम्रकार ने कहा कि सभी मतदान के महत्व को समझें। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे ने कहा कि प्रतिवर्ष के तहत हमारे कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान सत्र 2017-18 में भी निरंतर चलाया जा रहा है। उक्त कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्वीप के कैम्पस एम्बेसडर सत्येन्द्र साहू एवं सोनाली शिन्दे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नवभारत

रायपुर, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2017 www.navabharat.org

## पीजी कॉलेज में हुई स्वीप प्रतियोगिता

■ नवभारत समाचार | धमतरी.



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन स्वीप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं जन सामान्य के मध्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय सदन की राय में लोकतंत्र में मतदान के प्रति आम आदमी की उदासीनता, अधिनायक-वादी प्रवृत्ति को मजबूत करेगी रखा गया. उक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल शर्मा एवं द्वितीय मोहन ध्रुव ने प्राप्त किया. दोपहर 12 बजे नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें प्रथम स्थान अखिलेश कुमार एवं द्वितीय स्थान नवीन पारख ने प्राप्त किया. दोपहर 1 बजे चुनाव में बढ़ता धनबल का प्रयोग-चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें प्रथम स्थान दीपमाला साहू एवं द्वितीय स्थान राहुल शर्मा रहे. 5 अक्टूबर को प्रातः11 बजे मतदान प्रक्रिया, जागरूक मतदाता को प्रदर्शित करते हुए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें प्रथम स्थान कु.दीक्षा दीवान एवं द्वितीय स्थान कु.खिलेश्वरी साहू रही. तत्पश्चात दोपहर 12 बजे प्रत्येक वोट मूल्यवान है को प्रदर्शित करते हुए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गोपी कुर्रे, मोहन ध्रुव, योगेश साहू, सत्येन्द्र साहू एवं साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्रो. दुर्गेश प्रसाद, प्रो. कुशल चोपडा एवं स्वीप के कैम्पस एम्बेसडर छात्र सत्येन्द्र साहू ने उक्त प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष योगदान दिया. महाविद्यालयीन स्वीप प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. श्रीदेवी चौबे, डॉ. अनिता राजपुरिया, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. प्रभा वेरूलकर, श्रीमती पी.वर्गीस, डॉ. हेमवती ठाकुर, प्रो. ग्रेस कुजूर, प्रो. पीसी चौधरी, डॉ. सरला द्विवेदी, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ.वेदवती देवांगन, डॉ.चन्द्रिका साहू, पो. विनय देवांगन, डॉ. तामेश्वरी, पीबी पराडकर ने निभाई. विदित हो कि इन सभी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को 10 अक्टूबर को बीसीएस शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में धमतरी जिले के सभी महाविद्यालयों के प्रथम विजेता को भाग लेने का अवसर मिलेगा.

हरिभूमि - 07-10-2017

## पीजी कॉलेज में महाविद्यालय स्तर स्विप प्रतियोगिता







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मुख्य निर्वाचन आयोग छग शासन के निर्देशानुसार बीसीएस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन एवं स्विप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, प्रो.कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में 4 एवं 5 अक्टूबर को महाविद्यालयीन स्विप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं जन सामान्य के मध्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

4 अक्टूबर को 11 बजे वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का विषय इस सदन की राय में लोकतंत्र में मतदान के प्रति आम आदमी की उदासीनता, अधिनायकवादी प्रवृत्ति को मजबूत करेगी, रखा गया। उक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल शर्मा एवं द्वितीय मोहन ध्रुव ने प्राप्त किया। दोपहर 12 बजे नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान अखिलेश कुमार एवं द्वितीय स्थान नवीन पारख ने प्राप्त किया। दोपहर 1 बजे चुनाव में बढ़ता धनबल का प्रयोग चुनौतियां एवं समाधान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान दीपमाला साहू एवं द्वितीय राहुल शर्मा रहे।

5 अक्टूबर को प्रातः11 बजे मतदान प्रक्रिया, जागरूक मतदाता को प्रदर्शित करते हुए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम कु. दीक्षा दीवान एवं द्वितीय कु.खिलेश्वरी साहू रही। दोपहर 12 बजे प्रत्येक वोट मूल्यवान है को प्रदर्शित करते हुए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गोपी कुर्रे, मोहन ध्रुव, योगेश साहू, सत्येन्द्र साहू एवं साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रो. दुर्गेश प्रसाद, प्रो. कुशल चोपड़ा एवं स्विप के कैम्पस एम्बेसडर छात्र सत्येन्द्र साहू ने उक्त प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष योगदान दिया। महाविद्यालयीन स्विप प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. श्रीदेवी चौबे, डॉ. अनिता राजपुरिया, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. प्रभा वेरूलकर, श्रीमती पी. वर्गीस, डॉ. हेमवती ठाकुर, प्रो. ग्रेस कुजूर, प्रो. पीसी चौधरी, डॉ. सरला द्विवेदी, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ.वेदवती देवांगन, डॉ.चंद्रिका साहू, पो. विनय देवांगन, डॉ. तामेश्वरी, पीबी फराडकर ने निभाई।

विदित हो कि इन सभी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को 10 अक्टूबर को पीजी कॉलेज धमतरी में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में धमतरी जिले के सभी महाविद्यालयों के प्रथम विजेता को भाग लेने का अवसर मिलेगा।






# महाविद्यालय स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता

दिनांक 04/10/2017 से 05/10/2017 तक मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में निबंध,नारा,रंगोली,वाद–विवाद एवं एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



नवभारत 12-10-2017

# स्पर्धा में कॉलेज छात्रों ने बताया मतदान का महत्व

■ नवभारत समाचार। धमतरी.



बीसीए शासकीय पीजी महाविद्यालय धमतरी में जिला स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता का आयोजन ग्रंथालय भवन के उपर हॉल में किया गया. डॉ.श्रीदेवी चौबे के व्दारा धमतरी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए समस्त प्रतिभागियों को उक्त प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान की महत्ता बताकर जनसमुदाय को जागरूक करने का संदेश दिया गया. कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता के तहत वाद-विवाद, निबंध, नारा लेखन, रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता सबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं समस्त प्रतियोगिता के नियम सबंधी दिशा निर्देश दिया गया. सर्वप्रथम वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रारंभ की गई जिसका विषय था.

इस सदन की राय में लोकतंत्र में मतदान के प्रति आम आदमी की उदासीनता अधिनाकवादी प्रवृत्ति को मजबूत करेगी. उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय भखारा की छात्रा झामेश्वरी ने एवं व्दितीय स्थान पीजी कॉलेज धमतरी के छात्र राहुल शर्मा ने प्राप्त किया. इसके बाद चुनाव में बढ़ता धनबल का प्रयोग चुनौतियां एवं समाधान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पीजी कॉलेज धमतरी की छात्रा कु दीपमाला साहू ने एवं व्दितीय स्थान पीजी कॉलेज कुरूद की छात्रा निरूपा साहू ने प्राप्त किया. तत्पश्चात नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय, नगरी की वैष्णवी गंजीर ने एवं व्दितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय, भखारा के भीषम सिन्हा ने प्राप्त किया. इसके तुरंत बाद रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शासकीय महाविद्यालय, भखारा की छात्रा कु.पुष्पांजली ने प्रथम एवं व्दितीय स्थान पीजी कॉलेज धमतरी की छात्रा कु. दीक्षा दीवान ने प्राप्त किया. अंत में प्रत्येक वोट मूल्यवान है की सार्थकता को प्रदर्शित करता नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय, भखारा के नीलम एवं साथी ने एवं व्दितीय स्थान पीजी कॉलेज धमतरी के गोपी कुर्रे, सत्येन्द्र साहू एवं साथी ने प्राप्त किया. आभार प्रदर्शन कोमल प्रसाद यादव ने किया. निर्णायक की भूमिका डॉ.श्रीदेवी चौबे, डॉ.प्रभा वेरूलकर, डॉ.चंद्रिका साहू, प्रो.पीसी चौधरी, डॉ.अनिता राजपुरिया, डॉ.एमएस साहू कुरूद, प्रो.मनोज शर्मा नगरी, डॉ.प्रदीप जांगडे. भखारा डॉ.रोहिणी मरकाम कन्या महाविद्यालय, धमतरी, डॉ.भुवालसिंह ठाकुरभखारा डॉ.एम खांनमगरलोड़, डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ.एएस साहू, डॉ.सरला द्विवेदी एवं प्रो.दुर्गेश प्रसाद ने निभाई.

विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2000 की धनराशि एवं व्दितीय पुरस्कार के रूप में 1000 की धनराशि प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे ने प्रदान की. इन सभी विजेता, प्रतिभागियों को नवम्बर माह में संभाग स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन को सफल बनाने में प्रो.दुर्गेश प्रसाद, डॉ.सपना ताम्रकार, प्रो.प्रेमनाथ भारती, प्रो.कुशलचंद चोपड़ा, कैम्पस अंबेडकर सत्येन्द्र साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक गोपी कुर्रे, हेंमत यादव का योगदान रहा.

**फैक्ट फाइल**

- पीजी कॉलेज में हुई स्वीप प्रतियोगिता
- विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरुस्कृत

**आयोजन:** पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय स्विप प्रतियोगिता

हरिभूमि 13-10-2017

# चुनाव पर युवा वर्ग क्या सोचता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मुख्य निर्वाचन आयोग छग शासन के निर्देशानुसार बीसीएस शा. पीजी महाविद्यालय, धमतरी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन एवं प्रो.कोमल प्रसाद यादव के सतत मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर को महाविद्यालय के ग्रंथालय भवन के ऊपर हॉल में किया गया। सर्वप्रथम डॉ.श्रीदेवी चौबे ने मतदान की महत्ता बताकर जनसमुदाय को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन ने जिला स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता के तहत वाद-विवाद ,निबंध, नारा लेखन, रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। सर्वप्रथम वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शा. महाविद्यालय, भखारा की छात्र झामेश्वरी एवं व्दितीय स्थान पीजी कॉलेज धमतरी के छात्र राहुल शर्मा ने प्राप्त किया। इसके बाद निबंध लेखन में प्रथम स्थान पी.जी.कॉलेज धमतरी की छात्रा कु.दीपमाला साहू एवं व्दितीय स्थान पी.जी.कॉलेज कुरूद की छात्रा निरूपा साहू ने प्राप्त किया।इसी तरह नारा लेखन में प्रथम स्थान शा. महाविद्यालय नगरी की वैष्णवी गंजीर एवं व्दितीय स्थान शा. महाविद्यालय भखारा के भीषम सिन्हा ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में शा. महाविद्यालय, भखारा की छात्रा कु.पुष्पांजली ने प्रथम एवं व्दितीय स्थान पी.जी.कॉलेज धमतरी की छात्रा कु. दीक्षा दीवान ने प्राप्त किया।

अंत में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान शा. महाविद्यालय, भखारा के नीलम एवं साथी एवं व्दितीय स्थान पी.जी. कॉलेज धमतरी के गोपी कुर्रे, सत्येन्द्र साहू एवं साथी ने प्राप्त किया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से भाग लेने वाले प्रतिभागियों से कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से आप सभी ने मतदान के प्रति जागरूकता लाने, अपने मताधिकार के महत्व को जनसमुदाय को समझाने एवं लोभ, लालच एवं भयमुक्त मतदान करने का जो संदेश दिया है वह सराहनीय है। अंत में आभार प्रदर्शन प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने किया। उक्त प्रतियोगिता में सभी महाविद्यालयों के स्वीप प्रभारी को निर्णायक की भूमिका सौंपी गई। निर्णायक की भूमिका डॉ.श्रीदेवी चौबे, डॉ.प्रभा वेरूलकर ,डॉ.चंद्रिका साहू ,प्रो.पी.सी.चौधरी, डॉ.अनिता राजपुरिया, पीबी पराडकर ,डॉ. एमएस.साहू (कुरूद), प्रो.मनोज शर्मा (नगरी), डॉ. प्रदीप जांगडे (भखारा) डॉ. रोहिणी मरकाम (कन्या महाविद्यालय, धमतरी), डॉ. भुवालसिंह ठाकुर (भखारा) डॉ. एम.खान (मगरलोड़), डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ.ए.एस.साहू , डॉ.सरला द्विवेदी एवं प्रो.दुर्गेश प्रसाद ने निभाई। सभी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 2000 एवं व्दितीय पुरस्कार 1000 रू. प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे ने प्रदान किए। इन सभी विजेता, प्रतिभागियों को नवम्बर माह में संभाग स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

SVEEP



# जिला स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता

दिनांक **10/10/2017** मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के सभी विजेता छात्र–छात्राओं के मध्य महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालय निबंध,नारा,रंगोली,वाद–विवाद एवं एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया।







# मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी

## एवं

# मतदाता जारुकता रैली

दिनांक 11/11/2017 को मतदाता जागरूकता पर विधि विभाग में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों के मध्य एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

नवभारत

रायपुर, रविवार 12 नवम्बर 2017
www.navabharat.org

# मतदान के महत्व को समझना जरुरी

■ नवभारत समाचार | धमतरी.

**फैक्ट फाइल**

- छात्र-छात्राओ ने निकाली जागरुकता रैली
- पीजी कॉलेज धमतरी मे मतदाता जागरुकता अभियान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग शासन के निर्देशानुसार बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन एवं प्रो.कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रत्येक व्यस्क नागरिक को मतदान करने हेतु प्रेरित करना तथा मतदान की महत्ता को समझाने के उद्देश्य उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम स्वीप प्रभारी प्रो पंकज जैन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक व्यस्क नागरिक को मताधिकार का अधिकार प्रदान करता है. जिसका प्रयोग करके वह अपने प्रतिनिधियों को देश का प्रशासन चलाने हेतु संसद एवं राज्य विधानमण्डलों में भेजता है. भारत का प्रत्येक व्यस्क नागरिक चाहे वह पुरूष हो या महिला यदि वह 18 वर्ष की आयु का हो चुका है तो उसे निर्वाचन में मतदान करने का अधिकार बिना किसी भेदभाव के प्रदान किया गया है. अंग्रेजो के समय में प्रचलित साम्प्रदायिक मताधिकार की प्रणाली को समाप्त कर हमारा संविधान बिना किसी भेदभाव के सभी को समान मत देने का अधिकार प्रदान करता है. अतः सभी को मतदान के महत्व को समझाना चाहिए. प्रो.कोमल प्रसाद यादव ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजातंत्रात्मक सरकार जनता की सरकार है. देश का प्रशासन जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते है. अतः हमें मतदान के प्रति पूरी तरह जागरूक रहने की आवश्यकता है. उक्त अवसर पर स्वीप के कैम्पस अम्बेसडकर छात्र



सत्येन्द्र साहू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बिना किसी भय, लोभ, लालच से मुक्त होकर निर्भीक होकर मतदान कर सही व्यक्तियों को चुनना होगा. उक्त जागरूकता अभियान के बाद मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन एवं प्रो.कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में किया गया. उक्त रैली में छात्र-छात्राओं व्दारा मतदान सबंधी विभिन्न नारों के माध्यम से सभी को मतदान की महत्ता को समझाने का प्रयास किया गया. उक्त रैली महाविद्यालय परिसर से पंचवटी कॉलोनी तक आयोजित की गई. तत्पश्चात ऐसे व्यस्क मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में नही जुड़ पाया है एवं जो 1 जून 2018 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है उन्हें नाम जुड़वाने हेतु प्रपत्र 6 प्रदान किया गया. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2016-17 की तरह 2017-18 में भी हमारे महाविद्यालय मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाया गया जिसमें जुलाई एवं नवम्बर माह में नेय मतदाताओं का नाम जोड़ने का अभियान चलाया गया तथा मतदान की महत्ता पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नारा लेखन, निबंध लेखन, परिचर्चा, रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिता समय-समय पर आयोजित की गई. इस तरह सत्र 2017-18 स्वीप की दृष्टि से महाविद्यालय में निरंतर सराहनीय कार्य स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन एंव प्रो.कोमल प्रसाद यादव व्दारा किए गए. इस तरह मतदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास है और यह निरंतर जारी रहेगा.

SVEEP

## मतदाता जागरूकता पर परिचर्चा

दिनांक 20/01/2018 को " मैं भारत का भावी मतदाता" विषय पर परिचर्चा प्रतियोगिता आयोजित हूई।

# "मैं हूँ भारत का भावी मतदाता" विषय पर परिचर्चा

धमतरी(प्रखर)। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में 20 जनवरी 2017 को परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय "मैं हूँ भारत का भावी मतदाता" रखा गया।

विधि विभाग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. भाग एक गणित के छात्र राहुल शर्मा, द्वितीय स्थान बी.एस.सी. भाग एक (गणित) की छात्रा कु. लीपाक्षी एवं तृतीय स्थान बी.एस.सी. भाग दो (बायो.) के छात्रा चुनेश्वर सिंह ने प्राप्त किया।



इसके अलावा कु. प्राची शर्मा, अमरनाथ, प्रेमराज देवांगन, नागेन्द्र एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने भी इस विषय पर अपने-अपने विचारों से अवगत कराया। स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने बताया कि 15 से 17 वर्ष के छात्र/छात्राओं के मध्य उक्त प्रतियोगिता आयोजित की गयी क्योंकि ये ही भावी मतदाता बनेंगे। यही कारण है कि प्रतियोगिता का विषय मैं हूँ भारत का भावी मतदाता रखा गया। जिसमें महाविद्यालय के भावी मतदाताओं ने अपने-अपने विचारों से अवगत कराकर अन्य सभी को मतदान की महत्ता से अवगत कराया। अंत में प्राचार्य डॉ. चन्दशेखर चौबे ने बताया कि सत्र 2017-18 में स्वीप की दृष्टि से महाविद्यालय में उल्लेखनीय कार्य किए गए। वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम, प्रतियोगिता एवं समय-समय पर संगोष्ठी आयोजित कर सभी को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया।













कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला- धमतरी (छ.ग.)

"सुगम मतदान"

प्रमाण पत्र

शैक्षणिक सत्र 2017–18 में मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में प्राध्यापक नोडल अधिकारी के रुप में जिला धमतरी छत्तीसगढ़ में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री पंकज जैन बी.सी.एस. शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी(छ.ग.) को 25 जनवरी 2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

प्राचार्य — Principal

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

SWEEP

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस
# पर बेस्ट नोडल अधिकारी का अवार्ड
# एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु कैम्पस अम्बेसडर का सम्मान



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला- धमतरी (छ.ग.)

"सुगम मतदान"

प्रमाण पत्र

शैक्षणिक सत्र 2017–18 में मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में कैम्पस एम्बेसडर के रुप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री सत्येन्द्र साहू पिता चित्रसेन साहू (छ.ग.) को 25 जनवरी 2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

प्राचार्य

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

दिनांक 25/01/2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वीप के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.पंकज जैन को सर्वोत्कृष्ट प्राध्यापक नोडल अधिकारी पुरस्कार जिलाधीश डॉ.सी.आर. प्रसन्ना के हाथों नकद 7000रू. एवं प्रमाण–पत्र के साथ सम्मनित किया गया तथा छात्र अम्बेसडर सत्येन्द्र साहू एवं छात्रा सोनाली शिंदे को मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।










नवभारत 26.01.2018

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ

धमतरी. पीजी कॉलेज धमतरी में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के द्वारा समस्त प्राध्यापकों, स्टॉफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सभी चुनाव में अपने मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई. शपथ के पश्चात महाविद्यालय परिसर से रवाबांधा चौक तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. तत्पश्चात प्रो. पंकज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भूमिका विषय पर परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल शर्मा, द्वितीय स्थान प्रेमराज देवांगन एवं तृतीय स्थान आदेश एवं मनीषा को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया. सुगम चुनाव एवं मतदाताओं की जागरूकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान राहुल शर्मा, द्वितीय स्थान अमरनाथ एवं तृतीय स्थान मनीषा सिन्हा ने प्राप्त किया. प्रो. दुर्गेश प्रसाद ने सभी को मतदान के महत्व को समझने का संदेश दिया. डॉ. सपना ताम्रकर ने मतदान हेतु सभी को जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया. स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने मंच को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान द्वारा भारत के प्रत्येक नागरिक को जो 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं चाहे वह स्त्री हो या पुरूष इन्हें बिना किसी भेदभाव के मतदान का अधिकार प्रदान किया गया है. अन्त में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे ने सभी प्राध्यापकों, स्टॉफ एवं छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मतदान हेतु स्वयं भी जागरूक रहना चाहिए साथ ही साथ अपने परिवार, मोहल्ले, गाँव एवं शहर में भी सभी को मतदान हेतु जागरूक करने का प्रयत करना चाहिए.








# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2018

दिनांक 25/01/2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली शपथ,निबंध,परिचर्चा,वाद–विवाद एवं एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



# मतदाता जागरूकता अभियान

SVEEP

सत्र 2018-2019